नामांक Roll No.

No. of Questions — 30

No. of Printed Pages — 3

SS—29— Sociology (D & D)

उच्च माध्यमिक (मूक-बधिर) परीक्षा, 2015

समाजशास्त्र

SOCIOLOGY

समय : $4\frac{1}{4}$ घण्टे

पूर्णांक : 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।
2. **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।
4. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।
5.

खण्ड	प्रश्न संख्या	अंक प्रत्येक प्रश्न	उत्तर की शब्द सीमा
अ	1-8	1	10 शब्द
ब	9-14	2	30 शब्द
स	15-26	3	45 शब्द
द	27-30	6	200 शब्द

6. प्रश्न संख्या 27 से 30 में आन्तरिक विकल्प हैं ।

खण्ड - अ

1. अमेरिका में सबसे पहले आधुनिक जनगणना कब शुरू हुई ? 1
2. सत्यशोधक समाज की स्थापना किसने की ? 1
3. 'दी वेल्थ आफ नेशन्स' के लेखक कौन हैं ? 1
4. अस्पृश्यता को किस दूसरे नाम से भी जाना जाता है ? 1
5. सामुदायिक पहचान का आधार क्या है ? 1
6. सती प्रथा का विरोध करने वाले भारतीय समाज सुधारक का नाम बताइये। 1
7. राष्ट्र किसे कहते हैं ? 1
8. 'अमृत बाजार' समाचार पत्र किस भाषा में प्रकाशित किया गया ? 1

खण्ड - ब

9. स्त्री-पुरुष अनुपात से आप क्या समझते हैं ? 2
10. अयन कल्ली के प्रयासों को बताइये। 2
11. उदारवाद से क्या आशय है ? 2
12. सामाजिक बहिष्कार से आप क्या समझते हैं ? 2
13. 'तहसिब ए निसवान' पत्रिका का प्रकाशन कहाँ से किया गया ? इसका सम्बन्ध किससे था ? 2
14. भारत का सबसे सामाजिक टी.वी. सिरियल कौनसा था, उसके कितने एपिसोड बनाये गये ? 2

खण्ड - स

15. साक्षरता पर टिप्पणी लिखिए। 3
16. जाति की तीन विशेषताएँ बताइये। 3
17. साप्ताहिक बाजार, उत्पादनों के आदान प्रदान के साथ-साथ सामाजिक मेल जोल की प्रमुख संस्था बन गई है। कैसे ? 3
18. सामाजिक स्तरीकरण को समझाइये। 3
19. साम्प्रदायिकता से क्या आशय है ? 3
20. क्षेत्रवाद पर अपने विचार प्रकट कीजिए। 3

21. पश्चिमीकरण का भारतीय जीवन शैली पर क्या प्रभाव पड़ा ? 3

22. भारतीय संविधान की तीन विशेषताएँ बताइये। 3

23. 73 वाँ संविधान संशोधन क्या है ? 3

24. औपनिवेशक काल में किये गये भूमि सुधार लिखिए। 3

25. जाति व वर्ग में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 3

26. रेडियो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 3

खण्ड - द

27. आप एक छोटे कस्बे या बहुत बड़े शहर या नगरी क्षेत्र में या एक गाँव में निवास करते हैं तो निम्न प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में दीजिए :

जहाँ आप रहते हैं उस जगह का वर्णन करें तथा उसकी विशेषताएँ बताइये। 6

अथवा

आप कोई ऐसा शहर या नगर चुनें जिसे आप भली-भाँति जानते हैं। उस शहर के इतिहास, उद्‌भव और विकास तथा समसामयिक स्थिति का वर्णन करें। 6

28. भारतीय औद्योगीकरण की विशेषताओं का वर्णन करें। 6

अथवा

भारतीय बाजारों में खुदरा व्यापारियों की घुसपैठ को समझाइये। 6

29. एक भूमण्डलीकृत अर्थव्यवस्था के विशिष्ट लक्षण क्या हैं ? चर्चा करें। 6

अथवा

संस्कृति पर भूमण्डलीकरण के प्रभाव की संक्षेप में चर्चा करें। 6

30. महिलाओं के आन्दोलन पर विस्तृत विचार व्यक्त करें। 6

अथवा

जनजातीय आन्दोलन पर अपने विचार व्यक्त करें। 6